**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–16.05.2025 को 11.00 बजे पूर्वा0 में भू–अर्जन से संबंधित चल रही विभिन्न केन्द्रीय/राजकीय परियोजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

**उपस्थितिः– यथा उपस्थिति पंजी।**

**अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक–16.05.2025 को हुई बैठक में एम0आई0एस0 पोर्टल, सरकारी भूमि का दाखिल–खारिज एवं भू–अर्जन की चल रही रेलवे से संबंधित महत्वपूर्ण परियोजनाओं की समीक्षा की गयी। रेलवे प्रतिनिधियों के द्वारा महत्वपूर्ण परियोजनाओं का जिक्र किया गया, जो निम्नवत् हैः–**

(क) **सीतामढ़ी–शिवहर नई रेल लाईन निर्माण**–इस परियोजना हेतु **सीतामढ़ी एवं शिवहर जिला** में भूमि अर्जन की कार्रवाई प्रस्तावित है। इस परियोजना की समीक्षा उच्च स्तर पर भी सतत रूप से की जा रही है।

- **शिवहर जिला** में इस परियोजना के अंतर्गत उप मुख्य अभियंता, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा बताया गया कि बागमती नदी के एक तरफ के भूमि का दखल–कब्जा मिल गया है, परन्तु दूसरी तरफ जमाबंदी/परिमार्जन संबंधित कुछ समस्याएं आ रही हैं। इस संदर्भ में जिला भू–अर्जन पदधिकारी, शिवहर द्वारा बताया गया कि परिमार्जन की समस्या हल कर ली जायेगी। 50 प्रतिशत मौजों में भुगतान की कार्रवाई हो गयी है। 70 प्रतिशत मुआवजा भुगतान के पश्चात पूर्ण रूप से दखल–कब्जा अधियाची विभाग को सौंप दिया जायेगा। कार्य में तेजी लाने का निदेश दिया गया।

(ख) **छपरा–मुजफ्फरपुर नई रेल लाईन**–इस परियोजना हेतु मुजफ्फरपुर जिला में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है।

- **मुजफ्फरपुर जिला** में इस परियोजना के अंतर्गत सादतपुर एवं महनलपुर मौजा में नोटिस करते हुए मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। बैरिया मौजा में नोटिस निर्गत कर दिया गया है। रैयतों द्वारा आवेदन प्राप्त होते ही मुआवजा भुगतान की कार्रवाई प्रारंभ कर दी जायेगी। अधियाची विभाग से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति दिया जाय। मुआवजा भुगतान शीघ्र करने हेतु प्रयास किया जाए।

(ग) **हाजीपुर–सुगौली नई रेल लाईन निर्माण परियोजना (द्वितीय चारण)**–इस परियोजना हेतु **पूर्वी चम्पारण** में भूमि अर्जन/मुआवजा भुगतान की जा रही है।

- **पूर्वी चम्पारण जिला** में इस परियोजना के अंतर्गत मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जा रही है। दस्तावेज संबंधी कुछ समस्याएं थी। जाँचोपरान्त पुनः कैम्प के माध्यम से मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जायेगी। उप मुख्य अधियंता, पूर्व मध्य रेलवे से इस परियोजना से संबंधित विवरणी निदेशालय को उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया।

**सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य हेतु नामित संस्थानों द्वारा भू–अर्जन संबंधित परियोजनाओं की स्थिति परियोजनावार निम्नवत है :–**

**(क) बांका जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **व्यवहार न्यायालय, बांका के मुख्य गेट प्रवेश द्वार के उत्तरी तरफ भूमि का अधिग्रहण** परियोजना हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, बांका द्वारा बताया गया

कि जन–सुनवाई की कार्यवाही हो चुकी है। ललित नारायण मिश्र आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, बिहार, पटना द्वारा अभी तक फाईनल रिपोर्ट भू–अर्जन कार्यालय, बांका को नहीं सौंपा गया है। भू–अर्जन कार्यालय, बांका को पत्राचार करते हुए अंतिम रिपोर्ट की मांग करने का निदेश दिया गया।

- **धोरैया इंग्लिस मोड़ असरगंज पथ का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण कार्य परियोजना** हेतु पाँचों एस0आई0ए0 संस्थानों से व्यय प्रतिवेदन की मांग की गयी थी जिनमें से एक संस्थान का व्यय प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है।

**(ख) नवादा जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **गंगा जल आपूर्ति योजना फेज–2 पार्ट–1 अंतर्गत मधुबन जलाशय परियोजना** अंतर्गत कुछ समस्याएं आ रही थी। समाहर्त्ता स्तर से बैठक की गयी है, परन्तु रैयतों द्वारा सहयोग प्रदान नहीं किया जा रहा है। इस संदर्भ में जिला भू–अर्जन कार्यालय, नवादा एस0आई0ए0 संस्थान, आद्री, पटना से समन्वय करते हुए एक सप्ताह में रिपोर्ट निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

**(ग) पटना जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **पटना मैट्रो रेल स्टेशन निर्माण अंतर्गत खेमनीचक मैट्रो स्टेशन परियोजना** अंतर्गत आम सूचना की कार्रवाई कर दी गयी है। फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुआ है। समन्वय करते हुए परियोजना कार्य को गति देंगे।
- **पाटली बस स्टैंड कन्हौली/डुमरी हॉल्ट पोटही रेलवे स्टेशन के बीच आर0ओ0बी0 निर्माण परियोजना** अंतर्गत Expert Committee का गठन किया जा रहा है।
- गंगा नदी के किनारे दीघा से दिदारगंज तक गंगा पथ निर्माण परियोजना अंतर्गत अनुग्रह नारायण सिंह समाज अध्ययन संस्थान, पटना द्वारा फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त नहीं है। समन्वय करते हुए कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया गया।

**(घ) सहरसा जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **अनुमंडल सिमरी बख्तियारपुर अंतर्गत मौजा–भौआरा में नये कारा भवन हेतु भू–अर्जन** परियोजना के अंतर्गत जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सहरसा द्वारा बताया गया कि जन सुनवाई की तिथि निर्धारित कर ली गयी है।

**(ङ) खगड़िया जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **खगड़िया जिला में रेलवे ओबरब्रीज निर्माण खगड़िया–परिहार–बखरी लिंक पथ के खगड़िया रेलवे स्टेशन से उमेशनगर रेलवे स्टेशन के बीच अवस्थित लेबल क्रॉसिंग सं0–24 एस0पी0एल0 रेलवे कि0मी0 124/9–125 के बदले आर0ओ0बी0 के निर्माण परियेजना** के अंतर्गत Expert Committee का गठन किया जा रहा है।

**(च) मोतिहारी जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **रक्सौल हवाई अड्डा के तृतीय चरण विस्तारीकरण योजना के अन्तर्गत** एस0आई0ए0 कार्य लंबित है। जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, पूर्वी चम्पारण ए0एन0 सिन्हा समाजिक अध्ययन संस्थान, पटना से समन्वय करते हुए परियोजना कार्य में गति लाने का निदेश।

(छ) **कटिहार जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **कोढ़ा अंचल में प्रस्तावित 220/132/33 के0बी0 ग्रिड सब स्टेशन निर्माण कार्य परियोजना** अन्तर्गत एस0आई0ए0 कार्य पूर्ण कर लिया गया है। फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त है।

(ज) **बक्सर जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **टी0–02 से लहना संपर्क पथ** निर्माण परियोजना अन्तर्गत फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट जिला भू–अर्जन कार्यलय, बक्सर को प्राप्त नहीं है। समन्वय करते हुए फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(झ) **दरभंगा जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **बिरौल अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय** निर्माण परियोजना अन्तर्गत फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट जिला भू–अर्जन कार्यलय, दरभंगा को प्राप्त नहीं है। समन्वय करते हुए फाईनल ड्राफ्ट रिपोर्ट प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

(ञ) **भागलपुर जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **एतिहासिक विक्रमशिला विश्व विद्यालय के समीप केन्द्रीय विश्व विद्यालय की स्थापना** परियोजना अन्तर्गत पी0डी0 खाता में कुछ तकनीकी समस्याओं के कारण एस0आई0ए0 कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है।

(ट) **औरंगाबाद जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **नवीनगर कजरात रेल पथ में नवीनगर रेलवे यार्ड के LC No-29 हेतु आर0ओ0बी0 निर्माण** परियोजना अन्तर्गत प्रथम ड्राफ्ट रिपोर्ट जिला भू–अर्जन कार्यालय औरंगाबाद को प्राप्त है एवं जन सुनवाई की तिथि निर्धारित कर दी गयी है।

(ठ) **गया जिला में परियोजनाओं से संबंधित सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) कार्य की स्थिति निम्नवत है :–**

- **उत्तर कोयल नहर परियोजना** अन्तर्गत सामाजिक प्रभाव आकलन कार्य हेतु अनुग्रह नारायण सिन्हा, पटना को चयनित किया गया है। दिनांक–17.05.2025 समाहर्त्ता, गया स्तर से कार्यालय आदेश निर्गत करने की सूचना दी गई।

**भू–अर्जन की दैनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा निम्नवत् है:–**

1. **स्कैनिंग:–** ज़िला भू–अर्जन पदाधिकारी यथा–अररिया, भोजपुर, पूर्वी चम्पारण, गया, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, समस्तीपुर एवं सिवान को अभियान चलाकर स्कैनिंग कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया।
2. **ACP/MACP:–** जिन कर्मियों को ए0सी0पी0/एम0ए0सी0पी0 दिया जा चुका है, उन कर्मियों को बकाया अंतर वेतन राशि की गणना करके भुगतान इसी वित्तीय वर्ष में की जाय।
3. **सरकारी भूमि का दाखिल–खारिज:–** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेश दिया गया कि भू–अर्जन की विभिन्न परियोजनाओं के लिए पूर्व में अधिग्रहित भूमि का दाखिल–खारिज अभियान चलाकर शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण किया जाय।

4. **एम0आई0एस0 पोर्टलः–** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा निदेश दिया गया कि भू–अर्जन की पूर्व से चली आ रही विभिन्न परियोजनाओं संबंधी विवरणी 31 मई, 2025 तक अभियान चला कर पूर्ण करें। भू–अर्जन संबंधित नई परियोजनाओं की ईन्ट्री एम0आई0एस0 पोर्टल पर प्रारंभिक स्तर पर ही किया जाना सुनिश्चित किया जाय। साथ ही, ऐसी परियोजनाएं जिनमें 80 प्रतिशत मुआवजा भुगतान की कार्रवाई कर दी गयी है एवं 20 प्रतिशत भुगतान की कार्रवाई शेष है। इससे संबंधित प्रतिवेदन यथाशीघ्र प्राप्त किया जाय। ऐसी परियोजनाओं को भी एम0आई0एस0 पोर्टल पर इन्ट्री करना सुनिश्चित किया जाय।

अंत में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गई।

26/5/25

**(कमलेश कुमार सिंह),**
**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–14/डी0एल0ए0/मासिक समीक्षात्मक बैठक–01/2024–806, दिनांक–27/05/25

E-Mail

**प्रतिलिपि** :– सभी समाहर्त्ता/जिला भू–अर्जन पदाधिकारी/सक्षम प्राधिकार भूमि अर्जन (CALA), बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/5/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः– 806 /रा0, दिनांकः–27/05/25

E-Mail

**प्रतिलिपिः–1.** एन0 सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, पटना/आद्री, पटना/एल0एन0 मिश्रा आर्थिक अध्ययन एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान, पटना/विकास प्रबंधन संस्थान, पटना एवं चन्द्रगुप्त प्रबंधन संस्थान, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/5/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–806/ दिनांक–27/05/25

E-Mail

**प्रतिलिपि** :–महाप्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे, हाजीपुर (E-mail:-gm@ecr.railnet.gov.in), महाप्रबंधक, उत्तर–सीमांत रेलवे, गुवाहाटी को (E-mail:-ceconnfr3@gmail.com) एवं महाप्रबंधक, उत्तर–पूर्व रेलवे, गोरखपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

26/5/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–806/ दिनांक–27/05/25

E-Mail

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

26/5/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–806/ दिनांक–27/05/25

**प्रतिलिपि** :– अपर मुख्य सचिव/सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

26/5/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**

ज्ञापांकः–806/ दिनांक–27/05/25

**प्रतिलिपि** :– आई0टी0 मैनेजर, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना को ई–मेल एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

26/5/25

**निदेशक,**
**भू–अर्जन, बिहार।**